एक साथ शुरू हुआ था काम लेकिन..

भोपाल से पहले इंदौर में होगा 6 किमी के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का कमर्शियल रन

सिटी टुडे, भोपाल।

भोपाल-इंदौर में एक साथ शुरू हुए मेट्रो के निर्माण कार्यों के बीच इंदौर में अगले महीने सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर पब्लिक पैसेंजर रन हो सकता है। करीब 6 किमी लंबे इस रूट पर पांच मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं। भोपाल में प्रायोरिटी कॉरिडोर 6.22 किमी लंबा है, लेकिन इस पर पब्लिक पैसेंजर रन में अभी पांच महीने से भी ज्यादा का वक्त लगेगा। इसकी वजह सिविल निर्माण में देरी है। हालांकि, मेट्रो के अफसरों का कहना है कि भोपाल में पहले केवल सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच 5 स्टेशन के साथ ही पब्लिक पैसेंजर रन की तैयारी थी। बाद में रेलवे लाइन के ऊपर ब्रिज का काम और प्रायोरिटी कॉरिडोर को एम्स तक बढ़ाया गया। इसलिए भोपाल में प्रायोरिटी कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा करने में देरी हुई है।



इंदौर में कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएम आरएस) की टीम निरीक्षण का काम पूरा कर चुकी है। यानी तब तक सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में सिविल वर्क, इलेक्ट्रिक वर्क, लोड टेस्ट, ट्रायल रन जैसे काम पूरे किए जा चुके थे। इसके अलावा रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन (आरड एसओ) की टीम सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर ट्रैक का परीक्षण भी कर चुकी है।

भोपाल में अभी 5 महीने लगेंगे

एमडी मेट्रो रेल कंपनी एस. कृष्ण चैतन्य का कहना है कि इंदौर में केवल कमिश्नर सीएमआरएस का आना बचा है। वे आकर एनओसी देंगे, इसके कुछ दिनों बाद हम इंदौर में सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर पब्लिक पैसेंजर रन कर सकते हैं। ऐसा मार्च के आखिरी हफ्ते में संभव होगा।भोपाल मेट्रो के 6.22 किमी लंबे पूरे प्रायोरिटी कॉरिडोर का सिविल वर्क तकरीबन आखिरी चरण में है। सुभाष नगर डिपो में भी 20% से ज्यादा काम बचा है। सुभाष नगर से आरकेएमपी के बीच ट्रायल रन कर चुकी मेट्रो रेल कंपनी को आरकेएमपी स्टेशन से एम्स स्टेशन के बीच ट्रैक का काम पूरा करने में करीब 17 महीने लग गए हैं।

रेलवे अप्रूवल और निर्माण में लगे 9 महीने

मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि इन 17 महीनों में सबसे ज्यादा वक्त, गणेश मंदिर के सामने आरओबी से जुड़ी दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने में लगा है। इसमें करीब 9 महीने लगे। इस दौरान रेल मंडल से अनुमति मिलने और गणेश मंदिर के सामने की रेल लाइन के ऊपर स्टील ब्रिज बनाया गया। मल्टीपल टेस्टिंग करने के बाद संभव है कि अगले महीने तक मेट्रो कंपनी पूरे प्रायोरिटी ट्रैक का परीक्षण करवाने के लिए आरडीएसओ को बुला सकती है। लखनऊ से आने वाला ये संगठन ट्रेन से सफर करता है और एक पूरी बोगी में अपने तकनीकी उपकरण लाता है।

भोपाल में लगातार दूसरे दिन हादसा

11 नंबर मार्केट में रेस्टोरेंट में आग, सिलेंडर लीकेज होने से आग भभकी

सिटी टुडे, भोपाल।



भोपाल में लगातार दूसरे दिन गैस सिलेंडर लीकेज होने और फिर आग लगने की घटनाएं हुईं। बाग सेवनिया स्थित संत आसाराम फेस-1 में बुधवार को एक ही परिवार के 11 सदस्य झुलस गए थे, जबकि गुरुवार को 11 नंबर मार्केट स्थित एक रेस्टोरेंट में भी गैस से भरे सिलेंडर में आग लग गई। गनीमत रही कि समय पर आग बुझा दी गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पहली घटना बुधवार को आसाराम फेस-1 में हुई थी। यहां शिवरात्रि की पूजा के दौरान यह घटना हुई। किचन में रखा सिलेंडर लीकेज होने लगा, जो घर में फैल गई। इस वजह से आग लग गई। जिससे घर के मालिक नवल किशोर शुक्ला उम्र 55 वर्ष, उनकी मां मनोरमा शुक्ला उम्र 80 वर्ष, पत्नी मोनिका शुक्ला उम्र 44 वर्ष, बेटे राकेश शर्मा उम्र 35 वर्ष, बेटी श्रीधा उम्र 15 वर्ष समेत प्रभा किशोर शुक्ला उम्र 70 वर्ष, चंदेश त्रिपाठी उम्र 34 वर्ष और सुरेंद्र उचेनिया झुलस गए। नवल किशोर शुक्ला विधानसभा में क्लर्क हैं। शिवरात्रि के दिन उन्होंने अपने घर पर पूजा का आयोजन किया था। जिसके चलते उनका पूरा परिवार मौजूद था। पूजा के दौरान घर के किचन में खाना बन रहा था। इतने में गैस के सिलेंडर से गैस लीक होने लगी। इसके बाद उन्होंने गैस सिलेंडर बदल दिया और सिलेंडर को घर में ही रख दिया। बावजूद सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी। पूजा के दिए की वजह से घर में फैली गैस ने आग पकड़ ली और सदस्य झुलस गए। पड़ोसियों ने आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड और पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद परिजनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हालत सामान्य

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह भी सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर 'किलाबंदी'

बिना टिकट सफर करने पर 218 यात्री पकड़े 1.21 लाख का जुर्माना

सिटी टुडे, भोपाल।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को बिना टिकट यात्रा करने वालों को पकड़ने के लिए 'किलाबंदी' की गई। इस दौरान ऐसे 218 यात्री पकड़े गए, जिनके पास टिकट नहीं मिले। उनसे 1 लाख 21 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया। भोपाल स्टेशन पर सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक दो सुपरवाइजर समेत 20 टिकट चेकिंग स्टाफ ने 'किलाबंदी' टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्तों की घेराबंदी की गई। ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सकें।



28 गाड़ियों से आने वाले यात्रियों की चेकिंग

- कार्रवाई के दौरान स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 28 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 110 यात्री पकड़े गए। जिनसे 68 हजार 605 रुपए का जुमार्ना वसूला गया।
- अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 105 यात्री पाए गए। जिनसे 52 हजार 300 रुपए वसूले गए।
- बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 3 यात्री मिले। इन पर 450 रुपए का जुमार्ना किया गया।

ट्रेनों के अंदर भी चेकिंग की गई

कार्रवाई के दौरान ट्रेनों के अंदर भी चेकिंग की गई। इस दौरान यात्रियों से उनके टिकट मांगें गए। जो यात्री बिना टिकट के सफर कर रहे थे, उन पर जुमार्ने की कार्रवाई हुई।

बच्ची को अकेला देख नीयत खराब हुई

मासूम से बैड टच का आरोपी जेल गया, अब भी सदमें में है पीड़िता

सिटी टुडे, भोपाल।

भोपाल के गांधी नगर थाना क्षेत्र में 6 साल की मासूम से बेड टच करने वाले अधेड़ आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि बच्ची को अकेला देखकर उसकी नीयत खराब हो गई थी। नशे में होने के कारण उसने बच्ची को पकड़ लिया और उसके साथ गलत हरकत की। आरोपी मजदूरी करता था। हालांकि उसने पूर्व में इस प्रकार की किसी भी वारदात को अंजाम देने की बात से इनकार किया है। पुलिस उसका पुराना रिकार्ड खंगाल रही है।

इधर, शादी का झांसा देकर संबंध बनाने वाला भी सलाखों में

भोपाल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली युवती से रेप करने वाले आरोपी को आज कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी कपिल गुप्ता ने युवती से पिछले साल मैट्रिमोनियल ऐप पर पहचान कर उसे शादी का झांसा दिया। इसके बाद भोपाल के बागसेवनियां क्षेत्र की होटल में बुलाकर उससे शारीरिक संबंध बनाए थे। बागसेवनिया पुलिस के भोपाल में रहने वाली 28 वर्षीय युवती बीएससी ग्रेजुएट है और प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। युवती की शादी के लिए परिजनों ने मैट्रिमोनियल ऐप पर उसका रजिस्ट्रेशन करा रखा था। यहीं पर उसकी पहचान राजगढ़ के रहने वाले किराना कारोबारी आरोपी कपिल गुप्ता से हुई। दोनों के बीच पहले चैटिंग हुई, बाद में फोन पर बातचीत होने लगी। वहीं उनकी दोस्ती के बाद प्रेम प्रसंग चालू हो गया। आरोपी पिछले साल मई महीने में युवती से मुलाकात करने भोपाल आया। उसने बागसेवनिया क्षेत्र में होटल रूम लेकर युवती को वहां मिलने बुलाया। यहीं उसने लड़की को जल्द शादी करने का भरोसा दिलाया और उससे शारीरिक संबंध बनाए।



नितिन देशमुख, आरोपी

बच्ची के माता-पिता गए थे मजदूरी करने

गांधी नगर पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार शाम की है। बच्ची के माता-पिता मजदूरी के लिए घर से बाहर थे। नानी-नानी भी बाहर थे, जब परिजन घर आए तो बच्ची ने रोते हुए उन्हें बताया कि पड़ोस में रहने वाले अंकुर नाम के व्यक्ति ने उसे बेड टच किया है। बच्ची के परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बच्ची के बयान दर्ज कर लिए। बच्ची के परिवार ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि बच्ची अभी भी इस घटना से सदमे में है। उसे परिवार के सदस्यों के अलावा किसी से बात करने में डर लग रहा है। पुलिस उससे पूछताछ भी जारी है।

निगम दारोगा सहित चचेरे भाईयो पर धारदार हथियारो से हमला

भोपाल। भोपाल रेलवे स्टेशन के पास आयोजित एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुंचे निगम कर्मचारी और उसके दो चचेरे भाईयों का पार्किंग को लेकर शादी में आये अन्य युवको से विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर आरोपियो ने उन पर हथियारों से वार करते हुए मोबाइल भी तोड़ दिया। मामले की शिकायत जीआरपी पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोलार रोड पर रहने वाले विवेक नाहर ने अपनी शिकायत में बताया की वह भोपाल नगर निगम में सफाई दरोगा है।शादी में वह भी अपने दो चचेरे भाईयों दीपक नाहर और राहुल नाहर के साथ शामिल होने के लिये आया था।

1500 चिकित्सा शिक्षकों को अब जनवरी 2016 से 7वां वेतनमान

सिटी टुडे, भोपाल।

मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज, डेंटल मेडिकल कॉलेज में कार्यरत 1500 चिकित्सा शिक्षकों को 7वें पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ अब 1 जनवरी 2016 से दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दो दिन पहले इसके आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि कैबिनेट ने 4अक्टूबर 2023 को मंजूरी दे दी थी। जिसका पालन करने में विभाग को 16 माह 23 दिन लग गए। अब भी कोई सुगबुगाहट नहीं थी, पर डॉक्टरों ने आंदोलन कर दिया। आखिर आनन-फानन में विभाग को आदेश निकालना पड़ा। विभाग ने ठढअ (अव्यवसायिक भत्ता) की त्रुटि भी दूर कर दी है। यानी चिकित्सा शिक्षकों के वेतन में अब बढ़ोत्तरी होगी। साल 2018 के बाद खुले कॉलेजों के शिक्षकों को गिनें तो प्रदेश में वर्तमान में 15000 चिकित्सक हैं। जनवरी 2016 से मार्च 2018 तक बढ़े हुए वेतन का एरियर 2 से 4 लाख रुपए होगा। प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से 7वां वेतनमान दिया गया है, पर चिकित्सा शिक्षकों को इस वेतनमान का लाभ 1 अप्रैल 2018 से दिया गया। इसे लेकर चिकित्सा शिक्षक नाराज थे और साल 2019 से आंदोलन कर रहे थे। शासकीय चिकित्सक महासंघ मप्र के पदाधिकारी इस अवधि में कई बार चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी, मंत्री और मुख्यमंत्री से मिले थे।

15 माह के बढ़े वेतन पर चुप्पी

विभाग ने 7वां पुनरीक्षित वेतनमान 1 जनवरी 2016 से तो लागू कर दिया, पर 15 माह (जनवरी 2016 से मार्च 2018) के बढ़े हुए वेतन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की है। अब डॉक्टर पसोपेश में हैं कि इस अवधि का एरियर दिया जाएगा या नहीं।

बीमा अस्पताल के कर्मचारियों के आदेश होंगे

विभाग ने 16 माह 23 दिन बाद कैबिनेट के निर्णय का पालन किया, उसमें भी श्रम विभाग की अधीन कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के डॉक्टरों को छोड़ दिया है। शासकीय चिकित्सक महासंघ मप्र के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीया कहते हैं कि 7 मार्च की बैठक में इस मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा सूचना सं. 33 वर्ष 2024-2025 दिनांक: 27/02/2025

क्र. सं.	ई-निविदा संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित एनआईटी लागत (₹)	EMD राशि (₹)
01	DRM-ADI-222-2024-25	हलवद यार्ड - वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार	2,34,52,743.46	2,67,300/-
क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर आरसीसी सीमा दीवार का निर्माण।				
02	DRM-ADI-223-2024-25	विरमगाम - सामखियाली और मालिया मियाना - दहिंसरा खंड -	34,87,96,090.98	18,94,000.00
वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में अतिरिक्त जलमार्ग पुलों का निर्माण।				
03	DRM-ADI-224-2024-25	वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में	97,37,053.58	1,94,800.00
प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों की पानी के नीचे पुल संरचनाओं की मरम्मत।				
04	DRM-ADI-225-2024-25	सहायता मंडल अभियंता - वीरमगाम के अधिकार क्षेत्र में एफआरएम द्वारा	1,85,07,625.72	2,42,500.00
उथली स्क्रीनिंग और ट्रैक के अन्य सहायक कार्य।				
05	DRM-ADI-226-2024-25	एफआरएम द्वारा उथली स्क्रीनिंग और ट्रैक के अन्य सहायक कार्य	1,83,94,786.21	2,42,000.00
सहायक मंडल अभियंता - ध्रांगध्रा के अधिकार क्षेत्र में हैं।				
06	DRM-ADI-227-2024-25	सहायक मंडल अभियंता - महेसाणा के अधिकार क्षेत्र के तहत एलएचएस	2,33,44,429.14	2,66,700.00
की सड़क की सतह में सुधार और नाबदान और नाली उपलब्ध कराकर जल निकासी व्यवस्था में सुधार।				
07	DRM-ADI-228-2024-25	सहायक मंडल अभियंता - पालनपुर के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस की	2,33,14,981.37	2,66,600.00
सड़क की सतह में सुधार और नाबदान और नाली उपलब्ध कराकर जल निकासी व्यवस्था में सुधार।				

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय: दिनांक 01/04/2025 को 15:00 बजे। कार्यालय का पता: वरि. मण्डल इंजीनियर (समन्वय.), अहमदाबाद, डी.आर.एम. ऑफिस, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद-382345. **ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाइट:** www.ireps.gov.in 336

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें : x.com/WesternRly

पश्चिम मध्य रेल

ई निविदा सूचना दिनांक: 27.02.2025

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती है– **निविदा संख्या–** विद्युत–सा.– भो. नि.–13–2025, **कार्य का नाम–** गंज बासौदा के माल शेड को बरेठ में स्थानांतरित करना। (विदयुत कार्य), **कार्य करने की अवधि–** 04 माह, **अनुमानित लागत रू. –** 6658627.42/–, **अग्रिम राशि रू.–** 133200.00/–, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय–** 17/03/2025 11:00, **निविदा संख्या–** विद्युत–सा.– भो. नि.–14–2025, **कार्य का नाम–** इटारसी में ROH शेड और फ्रेट यार्ड इटारसी के लिए माल दुलाई रखरखाव सुविधाओं का विस्तार (विदयुत कार्य), **कार्य करने की अवधि–** 06 माह, **अनुमानित लागत रू. –** 34915687.13/–, **अग्रिम राशि रू.–** 324600.00/–, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय–** 19/03/2025 11:00, **निविदा संख्या–** विद्युत–सा.– भो. नि.–16–2025, **कार्य का नाम–** भाग (ए) सोरई: गुडस शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। भाग (बी) सलामतपुर: गुडस शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। भाग (सी) सुखीसिवनिया गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। भाग (डी) मंडीदीप: गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। (विदयुत कार्य), **कार्य करने की अवधि–** 04 माह, **अनुमानित लागत रू. –** 11538183.99/–, **अग्रिम राशि रू.–** 207700.00/–, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय–** 18/03/2025 11:00, **निविदा संख्या–** विद्युत–सा.–भो. नि.–17–2025, **कार्य का नाम–** गुन्ना गुडस शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन (विदयुत कार्य), **कार्य करने की अवधि–** 04 माह, **अनुमानित लागत रू. –** 3734760.19./–, **अग्रिम राशि रू.–** 74700.00/–, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय–** 19/03/2025 11:00, संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बार्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युलअ ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाईट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगे जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निविदा की लागत राशि 50 लाख रूपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ़ लें। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज आई आई पीएस वेबसाईट पर अपलोड किए जाने चाहिए । अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ संलग्न विशेष शर्त में दिया गया है। **वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पमरे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

